C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 30 | बिजौलिया - बुधवार,09 सितम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## राजस्थान निकाय चुनाव:

# कहीं रोड शो में दिखा सियासी दम, कहीं बगावत पर कार्रवाई; मारपीट से लेकर अनोखे प्रचार तक दिनभर छाया चुनावी रंग

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में नगर निकाय चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले मंगलवार को प्रदेशभर में सियासत का अलग-अलग रंग देखने को मिला। कहीं बड़े नेताओं ने रोड शो कर प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाया, तो कहीं पार्टी से बगावत करने वाले नेताओं पर कार्रवाई हुई। कुछ जगह विवाद और मारपीट ने चुनावी माहौल गरमा दिया, तो कई प्रत्याशियों के अनोखे प्रचार के तरीके भी चर्चा में रहे।

**दीया कुमारी ने बाइक-स्कूटी पर किया रोड शो**

जयपुर में डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने वार्ड 18 से भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमावत के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान वह कार्यकर्ताओं के साथ कभी स्कूटी तो कभी मोटरसाइकिल पर बैठकर प्रचार करती नजर आईं। रोड शो के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

**पत्नी के प्रचार पर शिक्षक सस्पेंड**

जालोर जिले के सांचौर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करना एक शिक्षक को भारी पड़ गया। वार्ड नंबर 1 से कांग्रेस प्रत्याशी पार्वती देवी के पक्ष में प्रचार करने के आरोप में उनके पति रामचंद्र जाखड़, जो शिक्षक हैं, को शिक्षा विभाग ने सस्पेंड कर दिया।

**मिठाई बांटने के आरोप पर दो पक्ष भिड़े**

हनुमानगढ़ की भादरा नगरपालिका के वार्ड 31 में भाजपा प्रत्याशी मांगीलाल गोयल पर घर-घर जाकर मिठाई बांटने का आरोप लगा। कांग्रेस प्रत्याशी अजय ढील ने इस पर आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। मौके पर पहुंचे डीएसपी कुलदीप चारण ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों के पास मौजूद मिठाई के डिब्बों की जांच की, लेकिन उनमें कोई पैसा नहीं मिला। मौके पर सामने आए वीडियो की भी जांच की जा रही है।

**अजमेर में कांग्रेस की बड़ी कार्रवाई**

अजमेर में कांग्रेस ने पार्टी अनुशासन तोड़ने के आरोप में 44 नेताओं और कार्यकर्ताओं को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। इनमें तीन पूर्व पार्षद, ब्लॉक अध्यक्ष, डीसीसी सचिव और यूथ कांग्रेस की प्रदेश सचिव तिपाशा खींची समेत कई पदाधिकारी शामिल हैं।



**बीजेपी ने भी 41 कार्यकर्ताओं पर की कार्रवाई**

अजमेर सहित प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में भाजपा ने भी पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने या निर्दलीय प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करने वाले 41 कार्यकर्ताओं को छह साल के लिए निष्कासित किया है। इनमें अजमेर के पूर्व मेयर धर्मेंद्र गहलोत सहित पूर्व पार्षद, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

**पाली के बाद कोटा में सीएम का रोड शो**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को पाली के बाद कोटा में रोड शो किया। ओपन जीप में सवार सीएम करीब 50 मिनट तक लगभग 3 किलोमीटर के मार्ग पर चले। उन्होंने कहा कि कोटा की जनता ट्रिपल इंजन सरकार बनाएगी और इससे विकास की गति और तेज होगी।

**सिर पर चप्पल रखकर मांगे वोट**

भरतपुर के बयाना नगरपालिका के वार्ड 15 में निर्दलीय प्रत्याशी प्रदीप कुमार शर्मा का प्रचार का तरीका चर्चा में रहा। उन्होंने थाली में फूलों के साथ चप्पलें सजाई और उन्हें सिर पर रखकर वार्ड की गलियों में घूमते हुए मतदाताओं से समर्थन मांगा।

वहीं जयपुर के वार्ड 27 से भाजपा प्रत्याशी शंकर यादव भी अलग अंदाज में प्रचार करते नजर आए। उन्होंने एक दुकान पर खुद जूस निकाला और लोगों को पिलाया।

**पूर्व मंत्री के बयान से विवाद**

दौसा जिले की लालसोट नगर परिषद में चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व मंत्री परसादी लाल मीणा का भाजपा प्रत्याशी मीनू किन्नर को लेकर दिया गया बयान विवादों में आ गया। उन्होंने चुनावी सभा के दौरान प्रत्याशी को लेकर टिप्पणी की, जिस पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। चुनाव प्रचार के दौरान इस तरह की व्यक्तिगत टिप्पणियों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

# चित्तौड़गढ़ में हिस्ट्रीशीटर पर कार्रवाई से गरमाया चुनावी माहौल, कांग्रेस का थाने के बाहर धरना

## पुलिस पर लगाया पक्षपात का आरोप



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

नगर परिषद चुनाव में मतदान से एक दिन पहले मंगलवार रात कोतवाली थाने के बाहर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए और पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वार्ड 50 से जुड़े अजय लोट को बिना स्पष्ट कारण थाने में बैठाकर रखा गया, जिससे उसके मतदान के अधिकार पर भी असर पड़ सकता है। कांग्रेस ने पुलिस पर भाजपा के दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।


वहीं कोतवाली थानाधिकारी रजनीश कुमार ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि अजय लोट के खिलाफ पहले से हिस्ट्रीशीटर का रिकॉर्ड है। चुनाव के दौरान शांति भंग होने की आशंका और चुनावी माहौल प्रभावित करने की सूचना मिलने पर पुलिस ने ब्नहस्स की धारा 170 के तहत एहतियातन कार्रवाई की।

पुलिस ने कहा कि कार्रवाई करते समय संबंधित व्यक्ति की राजनीतिक पहचान की जानकारी नहीं थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नारेबाजी के बाद पुलिस अधिकारियों ने समझाइश कर मामला शांत कराया।

# गाय को बचाने के प्रयास में कार पलटी, दो घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( सांवर वैष्णव ):- नेशनल हाईवे 758 पर ढ़ेलाणा व बनकाखेड़ा के मध्य मंगलवार कल सुबह गाय को बचाने के प्रयास में एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी खा गई, जिसमें कार सवार दो जने घायल हो गए, घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद जिला चिकित्सालय पहुंचाया । सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची । दीवान सोराज चौधरी ने बताया कि मंगलवार अल सुबह करीब 4:00 बजे हाईवे पर ढ़ेलाणा व बनकाखेड़ा के मध्य सिवाड़ा के सगस जी मंदिर के पास एक गाय को बचाने की प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा पलटी । जिसमें



कार में सवार पुरावतों का आकोला निवासी रामपाल पिता रूप कीर साल 45 वर्ष व दिलखुश पिता हीरालाल कीर उम्र 15 वर्ष घायल हो गया ।

घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय में भेजा गया, जहां दोनों घायलों का उपचार जारी है । पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को पुलिस चौकी में खड़ा किया ।।

# भीलवाड़ा में कांग्रेस को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने 17 सिंबल याचिकाएं की खारिज; 53 अधिकृत प्रत्याशी ही मैदान में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर पीठ ने कांग्रेस के 17 अधिकृत प्रत्याशियों के चुनाव चिह्न स्वीकार नहीं किए जाने से जुड़े मामलों में मंगलवार को फैसला सुनाते हुए सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। कोर्ट के इस फैसले के बाद इन 17 प्रत्याशियों के चुनाव मैदान में उतरने की आखिरी उम्मीद भी खत्म हो गई है।

इस फैसले के बाद अब भीलवाड़ा नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के 53 अधिकृत प्रत्याशी ही चुनाव मैदान में रहेंगे। 17 प्रत्याशियों के सिंबल को लेकर पिछले दिनों से चल रहा कानूनी विवाद अब हाईकोर्ट के फैसले के साथ समाप्त हो गया।

**सोमवार को पूरी हुई थी सुनवाई**

मामले में सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर पीठ में दोनों पक्षों की ओर से दलीलें पेश की गई थीं। दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला मंगलवार को सुनाने की बात कही थी। मंगलवार को कोर्ट ने 17 सिंबल से जुड़ी सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया।

**अंतिम समय पर सिंबल स्वीकार नहीं होने का था विवाद**

मामला उन 17 कांग्रेस प्रत्याशियों से जुड़ा था, जिन्होंने पार्टी पदाधिकारियों




के निर्देश पर नगर निगम चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया था। प्रत्याशियों का आरोप था कि पार्टी की ओर से उन्हें अधिकृत किया गया था, लेकिन नामांकन प्रक्रिया के अंतिम समय में उनके चुनाव चिह्न स्वीकार नहीं किए गए।

प्रत्याशियों की ओर से इसी आधार पर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया था। उनका कहना था कि यदि पार्टी की ओर से निर्धारित समय सीमा के भीतर अधिकृत चुनाव चिह्न उपलब्ध कराए गए थे, तो उनके मामलों में अलग-अलग निर्णय क्यों लिया गया।

# भयमुक्त मतदान के लिए मतदान दल रवाना, 290 केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम; 3.10 लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे फैसला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नगर निकाय चुनाव 2026 के पहले चरण के तहत भीलवाड़ा नगर निगम और बीगोद नगरपालिका में बुधवार को मतदान होगा। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान को लेकर निर्वाचन विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंगलवार को अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों को ईवीएम और आवश्यक चुनावी सामग्री उपलब्ध कराकर निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

**सभी अधिकारियों और मतदान दलों को दिया अंतिम प्रशिक्षण**

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी रिटर्निंग अधिकारी, पोलिंग पार्टियां, सेक्टर मजिस्ट्रेट और एरिया मजिस्ट्रेट की ट्रेनिंग पूरी करा ली गई है। चुनाव को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं और प्रोटोकॉल सुनिश्चित किए गए हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुनाव पर्यवेक्षक भी मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से राजनीतिक दलों के साथ बैठकें कर उन्हें आवश्यक चुनावी सामग्री और प्रपत्र उपलब्ध करा दिए गए हैं। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत की गई है, ताकि मतदाता बिना किसी भय या दबाव के अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें।




**अंतिम दिन घर-घर जाकर मतदाताओं से मनुहार**

चुनाव प्रचार का शोर थमने के बाद मंगलवार को प्रत्याशियों ने अंतिम दिन अपनी पूरी ताकत झोंक दी। प्रत्याशी और उनके समर्थक दिनभर घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क और मनुहार करते नजर आए। शहर की गलियों में कहीं चाय-पानी के साथ चुनावी समीकरणों पर चर्चा होती रही तो कहीं प्रत्याशी अंतिम समय तक अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे रहे। अब प्रचार खत्म होने के बाद बुधवार को मतदाता अपने वोट के जरिए प्रत्याशियों का भविष्य तय करेंगे।

**राधे कृष्णा हर्बल**

**मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल**

30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

**'भीलवाड़ा फोकस'**

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959


Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

## भीलवाड़ा पुलक मंच कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण, धर्म एवं समाज की सेवा का लिया संकल्प



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज के आशीर्वाद से गठित भीलवाड़ा पुलक मंच की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में हुआ। इसमें अतुल पाटनी अध्यक्ष, आदिश चौधरी उपाध्यक्ष सहित 11 पदाधिकारी मनोनीत किए गए है। मंच का संरक्षक प्रवीण चौधरी, मनीष शाह एवं लोकेश अजमेरा को नियुक्त किया गया है। भीलवाड़ा पुलक मंच गठन के साथ 50 सदस्य बन गए है। मंच के अध्यक्ष पाटनी एवं अन्य पदाधिकारियों को शपथ श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति भीलवाड़ा के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने दिलाई। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि पुलक मंच भीलवाड़ा आचार्यश्री की भावना के अनुरूप समाज एवं धर्म की सेवा के लिए विशिष्ट कार्य कर गुरूदेव के संदेश आमजन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। मंच के अध्यक्ष अतुल पाटनी ने कहा कि आचार्य पुलकसागर महाराज की भावना के अनुरूप जिनशासन की सेवा करने के साथ मानव सेवा एवं जीव दया के विभिन्न कार्य पुलक मंच भीलवाड़ा के माध्यम से किए जाएंगे। जिनशासन की सेवा एवं सामाजिक क्षेत्रों में भी मंच अपनी अहम भूमिका निभाएगा। पूज्य गुरूदेव के कल्याणकारी संदेश जन जन तक पहुंचाने में भी मंच अहम भूमिका निभाएगा। पुलक मंच से शीघ्र ही समाज के अन्य सदस्यों को भी जोड़ा जाएगा।इस अवसर पर पुलक महिला मंच का भी गठन किया गया। पुलक मंच भीलवाड़ा द्वारा 4 अक्टूबर को भीलवाड़ा में मनोज्ञाचार्य पुलकसागर महाराज के सानिध्य में मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इस अधिवेशन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से पुलक मंच से जुड़े 1500 से अधिक सदस्य शामिल होंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन से जुड़ी तैयारियां भी प्रारंभ कर दी गई है।

## बरूंदनी में लगातार चोरियों से ग्रामीण परेशान, कार्रवाई की मांग



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

बरूंदनी कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों को लेकर ग्रामीणों में रोष है। भारतीय किसान संघ की ओर से पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को ज्ञापन भेजकर चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि बरूंदनी क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं।

ग्रामीणों ने 1 सितंबर को पुलिस चौकी के बाहर धरना देकर विरोध जताया था। उस दौरान पुलिस अधिकारियों ने जल्द ही चोरी की वारदातों का खुलासा करने और आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक किसी भी चोर के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ज्ञापन में बताया कि चोरियों के कारण ग्रामीणों और किसानों में भय का माहौल बना हुआ है।भारतीय किसान संघ ने पुलिस प्रशासन से चोरी की घटनाओं की जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने तथा ग्रामीणों को राहत प्रदान करने की मांग की।

## नेत्रदान पखवाड़े का भव्य समापनः अतिथियों ने दिया 'नेत्रदान-महादान' का संदेश



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।


आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान भीलवाड़ा चेप्टर द्वारा आयोजित 41वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े (25 अगस्त से 8 सितंबर) का औपचारिक समापन मंगलवार को एस्टेक कॉलेज सभागार में आयोजित एक गरिमामय समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पीडीजी दिलीप कुमार तोषनीवाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि अध्यक्षता आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान भीलवाड़ा चेप्टर के अध्यक्ष राकेश पगारिया कार्यक्रम में कॉलेज के प्रोफेसर्स एवं स्टाफ ने भाग लिया। समारोह में अतिथियों ने पखवाड़े के दौरान चलाए गए जागरूकता अभियानों की समीक्षा की।

कार्यक्रम में पीडीजी दिलीप कुमार तोषनीवाल ने बताया है कि मृत्यु के 4 से 6 घंटे के भीतर नेत्रदान (कॉर्निया डोनेशन) की प्रक्रिया पूरी होना आवश्यक है। इसके लिए परिजनों को बिना देरी किए निकटतम आई बैंक को सूचित करना चाहिए। अध्यक्ष राकेश पगारिया ने स्पष्ट किया कि कॉर्निया निकालने में मात्र 10 से 15 मिनट का समय लगता है और इससे मृतक के चेहरे में कोई विकृति नहीं आती है।

## मांडल के तेजाजी चौक पर चोरों ने पुलिस को दी खुली चुनौती, बोरिंग से मकान तक बिछी बिजली की केबल काट ले गए; सुबह काम शुरू हुआ तो सामने आई चोरी

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।

जिले में बढ़ती चोरी की वारदातों के बीच चोरों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसकी बानगी मांडल कस्बे के तेजाजी चौक में देखने को मिली। यहां निर्माणाधीन मकान में चोरों ने रात के अंधेरे में धावा बोलते हुए बोरिंग से मकान तक बिछाई गई करीब 300 फीट बिजली की केबल काटी और मौके से पार कर दी। सुबह निर्माण कार्य शुरू करने पहुंचे लोगों को केबल गायब मिली तो उनके होश उड़ गए। चोरों ने जिस अंदाज में वारदात को अंजाम दिया, उससे साफ है कि उन्हें न तो निर्माणाधीन मकान का डर था और न ही पकड़े जाने की चिंता। केबल काटने और उसे ले जाने में समय लगा होगा, लेकिन रात की खामोशी में चोर अपना काम करते रहे और जिम्मेदारों की निगरानी मानो कहीं दिखाई ही नहीं दी।



### पुलिस गश्त पर सवाल, चोरों की 'मौज'!

शहर-कस्बों में पुलिस गश्त के दावे अपनी जगह हैं, लेकिन जमीन पर चोरों की सक्रियता कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। सवाल यह है कि यदि चोर इतनी आसानी से 300 फीट लंबी केबल काटकर ले जा सकते हैं, तो रात्रि गश्त आखिर किस इलाके में और कितनी प्रभावी तरीके से हो रही है? इलाके में चोरी की वारदातों को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि चोरों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और पुलिस प्रशासन के सामने यह स्थिति किसी खुली चुनौती से कम नहीं है।

### केबल गई तो निर्माण कार्य भी ठप

बताया गया कि निर्माणाधीन मकान में बोरिंग से बिजली की व्यवस्था सुचारू रखने के लिए करीब 300 फीट केबल बिछाई गई थी। चोरों के इसे काटकर ले जाने से निर्माण कार्य भी प्रभावित हो गया। सुबह जब काम शुरू करने के लिए लोग मौके पर पहुंचे तो बिजली की केबल गायब देखकर हड़कंप मच गया। आसपास तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### सीसीटीवी खंगाले जाएं, चोरों तक पहुंचे पुलिस

घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में रोष है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और चोरी की वारदात का जल्द खुलासा किया जाए। लोगों ने आसपास के रास्तों और मकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने की मांग की है, ताकि चोरों के आने-जाने और वारदात के बाद भागने के रास्ते का सुराग मिल सके। अब निगाहें पुलिस की कार्रवाई पर हैं। 300 फीट केबल काटकर ले जाने वाले चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है-देखना यह है कि पुलिस इस चुनौती का जवाब कितनी जल्दी देती है।

## बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ओ पी कठोड़ पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं व उत्पीड़न का आरोप, डिस्कॉम श्रमिक संघ ने जिले भर में सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।

अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ (बीएमएस) भीलवाड़ा वृत्त ने अधीक्षण अभियंता (पवस) ओम प्रकाश कठोड़ की कर्मचारी विरोधी कार्यशैली, प्रशासनिक उत्पीड़न और वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ ने प्रमुख शासन सचिव (ऊर्जा विभाग) के नाम जिले के सभी उपखण्डों में सहायक अभियंताओं को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच व सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। श्रमिक संघ के जिला महामंत्री नरेश कुमार जोशी ने बताया कि अधीक्षण अभियंता द्वारा नियमों को ताक पर रखकर गंभीर प्रशासनिक व वित्तीय कदाचार किया जा रहा है, जिसमें निगम आदेशों के बावजूद तकनीकी कर्मचारियों (फीडर इंचार्ज) का वर्ष 2017 से 2025 तक का 'फीडर इंसेंटिव' जानबूझकर रोका गया है, एक



तरफ कर्मचारियों के देयक अटके हैं, वहीं दूसरी तरफ शहर में कार्यरत निजी कंपनी (सिक्योर) द्वारा संतोषजनक सेवाएं न देने के बावजूद अगस्त 2026 में वर्ष 2021-2022 का लगभग रू. 3.80 करोड़ इंसेंटिव के नाम पर जारी कर राजस्व को चपत लगाई गई, (3) 26 वर्षों से एक ही जिले में पदस्थापनरू अधिकारी वर्ष 1995 से निरंतर लगभग 26 वर्षों से भीलवाड़ा में ही जमे हुए हैं, जिससे कार्यप्रणाली में एकाधिकार और मनमानी बढ़ गई है, तकनीकी कर्मचारियों को टीएंडपी उपकरण (रेनकोट, ग्लव्स, अर्थिंग रॉड, प्लायर आदि) समय पर उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। मनमानी डेपुटेशन नीति के चलते कर्तव्य के दौरान जान गंवाने वाले तकनीकी कर्मचारी स्व. नवरत्न सोनी प्रकरण की भी अब तक निष्पक्ष जांच नहीं हुई, संघ कार्यकर्ताओं पर दुर्भावनावश दबाव बनाया जा रहा है, जबकि चहेते कर्मचारियों को मूल पद से हटाकर कार्यालयों में बैठाया गया है। श्रमिक संघ की वर्चुअल कार्यसमिति में पारित प्रस्ताव के तहत भीलवाड़ा शहर, भीलवाड़ा ग्रामीण, करेड़ा, बनेड़ा, आसीन्द, बीगोद, बिजौलिया, माण्डलगढ़, हुरड़ा, गंगापुर, रायपुर, कोशीथल, फूलिया कलां, शाहपुरा और जहाजपुर आदि उपखण्डों में इकाई अध्यक्षों व सचिवों के नेतृत्व में सहायक अभियंताओं को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री एवं प्रबंध निदेशक (अविविनिलि) को भी भेजी गई है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि स्वतंत्र एजेंसी से रिकॉर्ड की जांच कर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## अपने को अच्छा ओर दूसरों को नीचा दिखाने का प्रयास करने पर टुकड़ों में बंट जाता समाज - आचार्य पुलकसागर महाराज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।

जैसे तीर्थंकर परमात्मा सभी के होते है वैसे ही मुनिराज भी सभी के होते है उनमें किसी प्रकार का भेद करना पाप का कार्य है। साधु को केवल शिष्य बनाने से मोक्ष प्राप्त नहीं होता। धर्म के क्षेत्र में भी विकृतियां आने से दुर्दशा हो रही है। साधु खुद का प्रचार छोड़कर तीर्थंकरों का प्रचार करना शुरू कर दे तो समाज एक हो जाएगा लेकिन साधु जब खुद को तीर्थंकर साबित करता है तो समाज में राजनीति हो जाती है। ये विचार श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज ने शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में मंगलवार को चातुर्मासिक प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हम एक-दूसरे को अच्छा खराब बताने की बजाय सभी महावीर की प्रभावना करें। दिगम्बर हो या श्वेताम्बर, श्रावक हो या मुनि सभी तीर्थंकरों की ओर महावीर की आराधना करेंगे तो पंथ अपने आप खत्म हो जाएंगे लेकिन जब पंथ अपनी-अपनी प्रभावना ओर हर व्यक्ति खुद की प्रभावना करते हुए अपने को अच्छा ओर दूसरों को नीचा दिखाने का प्रयास करता है समाज टुकड़ों में बंट जाता है।



आचार्यश्री ने कहा कि चिंतन करना होगा कि हम अपनी प्रभावना करे या महावीर की प्रभावना करे। जैन धर्म के चारों समाज मिलकर महावीर के लिए जीना शुरू कर दे तो हमसे बड़ी ताकत दुनिया में किसी को पास नहीं होगी। जब हम अपने-अपने लिए जीना शुरू करते है तो ताकत बंट जाती है। हमारा पंथ कोई भी हो पर महावीर के लिए एक होना चाहिए। पंथ अपने नहीं पर परमात्मा हमारा है चाहे वह कहीं भी हो।




QUICK BITES

# राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ एकीकृत की भीलवाड़ा जिला इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें पुरुषोत्तम चावला को जिला अध्यक्ष, निलेश शर्मा को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, सागर भामू को कोषाध्यक्ष तथा नरेश मीना को सचिव बनाया गया। नई कार्यकारिणी के गठन से फार्मासिस्ट कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और फार्मासिस्ट संवर्ग की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने का संकल्प लिया। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरुण गोड ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने सभी से कर्मचारी हित में सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्य करने की अपेक्षा जताई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम चावला ने कहा कि संगठन की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी से निभाई जाएगी। फार्मासिस्ट कर्मचारियों की पदोन्नति, कैडर संबंधी समस्याओं, कार्यस्थल पर आवश्यक सुविधाओं, कर्मचारी अधिकारों और लंबित मांगों को लेकर संगठन संबंधित अधिकारियों के समक्ष मजबूती से पक्ष रखेगा। उन्होंने जिले के सभी फार्मासिस्ट कर्मचारियों से संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुकुटराज सिंह, फरीद, नरेश जीनगर, महफूज, इमी डीडवानिया, निलेश शर्मा, खुश्बू, दीप्ति, कल्पना, सीमा, सुरेंद्र राठौड़, ईश्वर राम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवाओं के लिए निःशुल्क प्लेसमेंट-लिंक्ड कौशल विकास कार्यक्रम शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर।



युवाओं को रोजगार के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल प्रदान करने और उन्हें उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के उद्देश्य से टीमलीज डिजिटल एवं बजाज फिनसर्व के सहयोग से निःशुल्क प्लेसमेंट-लिंक्ड कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। कार्यक्रम का प्रशिक्षण साझेदार अरहम एकेडमी, उदयपुर है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को हाउसिंग फाइनेंस एवं जनरल इंश्योरेंस जैसे विशेष क्षेत्रों में उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को केवल सैद्धांतिक जानकारी देने के बजाय व्यावहारिक ज्ञान, कार्यस्थल पर आवश्यक कौशल और रोजगार के लिए जरूरी दक्षताओं से लैस करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को उद्योग आधारित प्रशिक्षण, विशेषज्ञों से मार्गदर्शन तथा प्रमुख कंपनियों में प्लेसमेंट के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए 21 से 30 वर्ष की आयु के युवा पात्र हैं। इसके साथ ही स्नातक के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी भी इसमें भाग ले सकते हैं। सीमित सीटों के कारण इच्छुक अभ्यर्थियों से शीघ्र नामांकन कराने की अपील की गई है। अरहम एकेडमी, उदयपुर के प्रतिनिधियों ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक रोजगार बाजार में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं के पास उद्योग की आवश्यकता के अनुरूप व्यावहारिक कौशल होना भी जरूरी है। यह कार्यक्रम युवाओं को सीखें, कुशल बनें और रोजगार प्राप्त करें की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।






# शहीद भगत सिंह गौ चिकित्सालय में श्री कृष्ण की मूर्ति की स्थापना की

## शक्करगढ़ ,खेरूना ,टिटोडा जागीर, बरोदा समेत दर्जनों गांवों में कथित अवैध क्लिनिक संचालित, जिम्मेदारों की कार्यशैली पर उठे सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर





**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के अगरपुरा गांव में शहीद भगत सिंह ( जीव दया ) गौ चिकित्सालय में मंगलवार को बच्छ बारस के मौके पर पानी की पौ के बीच गायों के ग्वाले भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति स्थापना की । समाजसेवी नारायण भदाला ने बताया कि अगरपुरा में कोटड़ी रोड़ पर स्थित शहीद भगत सिंह गौ? चिकित्सालय में भामाशाह शंकर लाल गुग्गड़ व डाल चंद गुग्गड़ निवासी भीलवाड़ा ने अपनी माता लाड देवी की पुण्य स्मृति में पानी की पौ एवं पौ के बीच में गायों के ग्वाले भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा की स्थापना पंडित के वैदिक मंत्रोचार और पूजा-अर्चना के साथ सुबह 11:15 बजे की गई । इस दौरान संजय दाधीच, दिनेश पारीक, भीमराज भदाला, घनश्याम प्रजापत, रामनारायण रेगर, भैरु सुथार आदि कई मौजूद रहे ।।

# वित्त मंत्री सीतारमण से मिला किसानों का प्रतिनिधि मंडल

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** भारतीय किसान संघ राजस्थान प्रदेश का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से कर्तव्य भवन नई दिल्ली में मिला और अफीम किसानों को आ रही समस्याओं से अवगत कराया । नई अफीम नीति 2026-27 के विषय में किसानहित में नीति बने, इसके लिए सुझाव दिये । 1990 से आजतक उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार समस्त कटे हुए पट्टे जारी किये जावें, अफीम का न्यूनतम मूल्य 10000 रू. प्रति किलो किया जावे, मार्फिन की अनिवार्यता समाप्त कर वजन आधारित औसत को माना जावे क्योंकि मार्फिन पूर्णतया प्रकृति आधारित है, हृष्टक्ष की धारा 8/18 में संशोधन एवं 8/29 को समाप्त किया जावे क्योंकि 8/29 धारा भ्रष्टाचार की जड़ है और इससे भोले भाले किसानों को बिना वजह लूटा जाता है, सभी को समान आरी के पट्टे जारी किये जावें, CPS वाले किसानों को भी लुवाई चीराई के पट्टे दिये जायें, कच्चा तौल पूर्णतया बंद किया जावे, अफीम नीति प्रतिवर्ष के बजाय 5 वर्ष के लिए बनाई जावे, डोडाचूरा को NDPS से हटाकर आबकारी विभाग में लिया जावे एवं अफीम व डोडा को सदियों से आयुर्वेदिक औषधि माना जाता रहा है अतः आजकल रासायनिक केमिकल से तैयार हो रहे, MD जैसे प्राणघातक नशे पर सख्ती बरतते हुए कठोरतम कानून बनाये जावे । प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट, प्रदेश राजस्व प्रमुख शिवराज पुरी, प्रांत जैविक प्रमुख गोपाल खटवड़, गीतालाल धाकड़ कनेरा एवं सोहनलाल आंजना छोटीसादड़ी उपस्थित रहे । वित्तमंत्री के साथ नारकोटिक्स आयुक्त दिनेश बिसेन एवं वित्तमंत्रालय के अधिकारी उपस्थित रहे ।।

# बिजली निगम अधीक्षण अभियंता ओ.पी. कठोड़ के विरोध में सहायक अभियंता के माध्यम से ऊर्जा सचिव को सौंपा ज्ञापन

## BMS ने उच्च स्तरीय स्वतंत्र जाँच एवं दोष सिद्ध होने पर कार्रवाई की उठाई मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ (BMS), इकाई बिजोलिया के अध्यक्ष के नेतृत्व में बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ओम प्रकाश कठोड़ की कार्यशैली के विरोध में सहायक अभियंता के माध्यम से ऊर्जा सचिव, राजस्थान सरकार को ज्ञापन सौंपा गया।

संघ ने ज्ञापन में अधीक्षण अभियंता की कार्यशैली को लेकर गंभीर शिकायतें उठाते हुए स्वतंत्र उच्च स्तरीय जाँच एवं जाँच में आरोप प्रमाणित होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की।

संघ ने आरोप लगाया कि निगम आदेश Re1.AJ-121 के तहत तकनीकी कर्मचारियों का वर्ष 2017 से 2025 तक का फीडर इन्सेंटिव लंबित है। वहीं, भीलवाड़ा शहर में निजी सिक्योर कंपनी को वर्ष 2021-22 से संबंधित लगभग 2 करोड़ 80 लाख का भुगतान किए जाने की जानकारी है। संघ ने उक्त भुगतान, कार्य की गुणवत्ता एवं भुगतान प्रक्रिया की निष्पक्ष जाँच करवाने की मांग की।

ज्ञापन में श्री कठोड़ के लंबे समय से भीलवाड़ा जिले में कार्यरत रहने, कर्मचारियों के साथ कथित भेदभाव, डेपुटेशन एवं स्थानांतरण में अनियमितताओं तथा तकनीकी कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी के आरोप भी लगाए गए।

संघ ने वर्ष 2023-24 में तकनीकी कर्मचारी स्वर्गीय नवरत्न सोनी से जुड़े डेपुटेशन प्रकरण तथा भीलवाड़ा जिले में हुई विद्युत दुर्घटनाओं की भी उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जाँच करवाने की मांग की।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि पूरे मामले की जाँच अजमेर डिस्कॉम से बाहर के वरिष्ठ अधिकारियों अथवा स्वतंत्र जाँच समिति से करवाई जानी चाहिए, ताकि जाँच निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो सके। जाँच में यदि किसी अधिकारी की लापरवाही या अनियमितता प्रमाणित होती है तो नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।


साथ ही संघ ने तकनीकी कर्मचारियों का वर्षों से लंबित फीडर इन्सेंटिव तत्काल जारी करवाने तथा कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने की मांग की।

इसमें इकाई के निम्न सदस्य उपस्थित रहे इकाई संरक्षक चंद्र सिंह जी कोर्ट निकाय अध्यक्ष ऋषिराज यादव बनवारी जी डालचंद जी राजेंद्र जी हनुमान जी भीमराज जी आदि सदस्यों उपस्थित रहे

**- अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ (BMS), भीलवाड़ा इकाई बिजोलिया**

# संसार बदलता जाएगा पर नहीं बदलेगा तो राम का नाम - आचार्य रामदयालजी महाराज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





संसार से मुक्ति पाने का एक मात्र माध्यम राम का नाम है ओर राम की साधना ही मुक्ति के द्वार खोलेगी। संसार कभी हमारा न था, न है ओर न रहेगा जबकि राम कल भी हमारा था, आज भी है ओर कल भी रहेगा। दुनिया बदलती रहेगी नजर बदलती रहेगी पर कोई अपरिवर्तनीय रहेगा तो वह राम का नाम ओर उसकी महिमा है। ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत मंगलवार को दैनिक सत्संग में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिसको राम प्रिय है उसका जीवन आदर्श हो सकता है। व्यक्ति जितना तन से नहीं उतना मन से दुःखी है। मानसिक विकृतियां परिवार,समाज ओर राष्ट्र को तबाह कर देती है। मानसिक विकृति वाले व्यक्ति का उपचार राम नाम से ही होता है ओर ये उपचार संत ओर सद्गुरू ही कर सकते है। आचार्यश्री से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रखर वक्ता संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन दिया।

प्रवचन के विश्राम पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सूर्यास्त के समय संध्या आरती एवं रामस्नेही सम्प्रदाय के युवा संत रामजस ईडर द्वारा भक्तमाल की कथा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

# राजकीय महाविद्यालय बिजोलिया में मतदान केंद्र की साफ-सफाई एवं मतदान जागरूकता रैली आयोजित







**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

राजकीय महाविद्यालय बिजोलिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में आज दिनांक 08 सितंबर 2026 को मतदान केंद्र की साफ-सफाई एवं मतदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन एवं विद्यार्थियों को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं जागरूक मतदान के प्रति प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम कार्यवाहक प्राचार्य महेंद्र राज खोरवाल के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस अवसर पर NSS स्वयंसेवकों ने मतदान केंद्र परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की तथा लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया।

इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से 'मेरा वोट, मेरा अधिकार ', 'लोकतंत्र की यही पुकार, शत-प्रतिशत मतदान हमारा अधिकार' जैसे नारों के साथ नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मत की भूमिका को रेखांकित करते हुए लोगों से मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सहायक आचार्य सूरज वर्मा, सहायक आचार्य रजनीश, कनिष्ठ सहायक रोहित, रेखा चौधरी, राजेश मीणा एवं प्रयोगशाला सहायक चंद्रकांता मेघवाल सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं NSS स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

कार्यवाहक प्राचार्य महेंद्र राज खोरवाल ने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक दायित्व भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करने का आह्वान किया।


कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों ने स्वच्छता, जागरूकता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# आस्था के दो बड़े धामों को जोड़ने वाली रोड बनी मौत का गड्ढा, रोड पर डामर कम, गड्ढे ज्यादा

## मेले से पहले नहीं सुधरी तो होगा बड़ा हादसा, भक्तों ने कहा- कम से कम रास्ता तो ठीक कर दो

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले की धार्मिक नगरी के रूप में पहचान रखने वाले दो प्रमुख आस्था केंद्र - एक बासड़ा देवनारायण भगवान धाम और दूसरा ओझाघर महादेव धाम। दोनों ही धामों पर साल भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। लेकिन इन दोनों धामों को शहर और नेशनल हाईवे से जोड़ने वाली मुख्य सड़क की हालत इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो चुकी है कि अब यह सड़क आस्था के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा बन गई है। हालात यह हैं कि इस सड़क पर चलने से ही लोग डरने लगे हैं। मौके की तस्वीर देखिए, रूह कांप जाएगी पूरे भ्रष्टाचार और लापरवाही की कहानी खुद बयां कर रही है। फोटो में साफ दिख रहा है कि सड़क का आधा हिस्सा पूरी तरह से उखड़ चुका है। डामर नाम की चीज खत्म हो चुकी है, केवल बजरी और मिट्टी बची है। सड़क के बीचों-बीच 2 फीट गहरा और 4 फीट लंबा गड्ढा बन गया है, जो किसी भी दोपहिया वाहन को गिराने के लिए काफी है। सड़क के दोनों किनारे टूट कर बिखर गए हैं। अगर कोई अनजान व्यक्ति रात में इस रोड पर आ जाए तो उसका हादसा होना तय है।



### साल में दो बार भरता है बासड़ा में लाखों का मेला, फिर भी नहीं जागा प्रशासन

स्थानीय पुजारी और ग्रामीणों ने बताया कि बासड़ा देवनारायण धाम में साल में दो बार विशाल लक्खी मेला भरता है। भादवा सुदी छठ और माघ के महीने में यहां लाखों की संख्या में गुर्जर समाज सहित सर्व समाज के लोग भगवान देवनारायण के दर्शन करने आते हैं। मेले में राजस्थान ही नहीं, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तरप्रदेश तक से श्रद्धालु आते हैं। मेले के दौरान इस रोड पर पैर रखने की जगह नहीं होती। ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, ऊंट गाड़ियां, बाइक और पैदल यात्रियों का सैलाब उमड़ता है। लेकिन रोड की ऐसी दुर्दशा है कि मेले में आने वाले लाखों भक्तों को इसी टूटी-फूटी सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे गड्ढों में गिरकर चोटिल होते हैं। कई बार एम्बुलेंस तक को निकलने में घंटों लग जाते हैं।

ओझाघर महादेव : श्रावण में 30 दिन लगता है भक्तों का तांता वहीं दूसरी तरफ ओझाघर महादेव मंदिर भी जिले का प्राचीन और चमत्कारी मंदिर है। श्रावण मास में पूरे 30 दिन यहां मेले जैसा माहौल रहता है। प्रतिदिन हजारों कांवड़िए और शिव भक्त जलाभिषेक करने आते हैं। हर सोमवार को तो यहां पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है इतनी भीड़ होती है।

ओझाघर और बासड़ा दोनों धामों के लिए यही एकमात्र मुख्य रोड है। दोनों जगह जाने के लिए श्रद्धालुओं को इसी खस्ताहाल रोड से गुजरना पड़ता है। हर शनिवार-रविवार को भी बासड़ा देवनारायण पर हजारों लोग आते हैं, क्योंकि शनिवार-रविवार को यहां विशेष पूजा होती है।

### पीडब्ल्युडी की कार्यशैली पर उठ रहे हैं सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब यह रोड पीडब्ल्युडी के अधीन है और हर साल इसके मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए कागजों में खर्च दिखाया जाता है, तो फिर रोड की हालत ऐसी क्यों है? ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने घटिया सामग्री का उपयोग कर सड़क बनाई थी, जो एक ही बरसात में उखड़ गई। इस रोड की कोई मरम्मत नहीं हुई है। ग्रामीणों ने कई बार पीडब्ल्युडी के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। अधिकारी मौके पर आते भी हैं तो सिर्फ फोटो खींच कर चले जाते हैं।

# रात के अंधेरे में झाड़ियों के बीच गड्ढे में छिपा था अजगर, सूचना मिलते ही दौड़ी रेस्क्यू टीम; 2 घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित पकड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

उदलियास में मंगलवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब बाग के बालाजी मंदिर के पीछे जंगल में झाड़ियों के बीच एक गड्ढे में करीब 12 फीट लंबा विशाल अजगर दिखाई दिया। रात के अंधेरे में अचानक नजर आए इस विशालकाय अजगर को देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, रात करीब 8:30 बजे बाग के बालाजी मंदिर के पीछे जंगल में कुछ ग्रामीणों की नजर झाड़ियों के बीच बने



गड्ढे पर पड़ी। वहां विशाल अजगर दिखाई देने पर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। किसी अनहोनी की आशंका के चलते तत्काल रेस्क्यू टीम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और अजगर को सुरक्षित बाहर निकालने का अभियान शुरू किया। अजगर गड्ढे और घनी झाड़ियों के बीच फंसा हुआ था, जिसके चलते उसे पकड़ना आसान नहीं था। टीम को करीब दो घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आखिरकार रेस्क्यू टीम ने करीब 12 फीट लंबे अजगर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू टीम के मुकेश जांगिड़ ने बताया कि अजगर काफी बड़ा था और झाड़ियों के बीच गड्ढे में छिपा हुआ था। काफी सावधानी के बाद उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर वन विभाग को सौंप दिया गया।

## QUICK BITES

### बछ बारस पर बड़लियास में गो-सेवा एवं गौ माता पूजन

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



बछ बारस के पावन अवसर पर बड़लियास में गो-सेवा एवं गौ माता पूजन का कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने गौ माता एवं बछड़ों की विधिवत पूजा-अर्चना कर उनकी सेवा की। कार्यक्रम में महिलाओं ने गौ माता की श्रद्धापूर्वक पूजा करते हुए परिवार, गांव एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। बछ बारस के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

गौ माता के पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप गो-सेवा का महत्व बताया। कार्यक्रम का वातावरण भक्तिमय बना रहा और सभी ने गौ माता की सेवा एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

बछ बारस के पावन पर्व पर बड़लियास में आयोजित गो-सेवा एवं गौ माता पूजन ने धार्मिक आस्था और भारतीय संस्कृति के प्रति श्रद्धा का सुंदर संदेश दिया।

### आंटी चम्पापुर में अवैध खनन और जमीन पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



आंटी चम्पापुर गांव में मंदिर के पास स्थित हाट चौक की जमीन पर अवैध कब्जे और खनन का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मंगलवार को उपखंड अधिकारी छोटू लाल शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मामले में जांच करवाकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने तथा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग पर बालाजी मंदिर के पास स्थित हाट चौक की जमीन पर वर्ष 1995 से 2005 तक शनिवार का हाट लगता था। हाट की दुकानों से मंदिर कमेटी द्वारा रसीद के माध्यम से राशि ली जाती थी। ग्रामीणों के अनुसार उक्त राशि से जमीन पर चारदीवारी का निर्माण कराया गया था। साथ ही ग्रामीणों और मंदिर कमेटी के प्रस्ताव पर यहां सरकारी स्तर पर दो पानी की टंकियां भी लगाई गई हैं। परिसर में पीपल का पेड़ और उसके चारों ओर चबूतरा भी बना हुआ है, जहां ग्रामीण पूजा-अर्चना करते हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में खेल मैदान विकसित करने के लिए जमीन पर जाने के दौरान कालू पुत्र लालू बंजारा ने जमीन को अपना बताते हुए वहां कब्जा करने और खनन करने की बात कही। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि मंदिर के पीछे स्थित जमीन पर पिछले करीब दो माह से अवैध खनन किया जा रहा है और बड़ी मात्रा में पत्थर निकाला जा चुका है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर संबंधित व्यक्ति द्वारा राजनीतिक पहुंच और प्रशासन में प्रभाव होने की बात कहते हुए उन्हें धमकाया गया। ज्ञापन में सरकारी जमीन पर कथित अवैध खनन के कारण सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचने की बात भी कही गई है।

ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी से पूरे मामले की जांच करवाने, मंदिर एवं सरकारी जमीन को कथित अतिक्रमण से मुक्त कराने तथा अवैध खनन के आरोपों की जांच कर नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

### काछोला में विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मनाया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



काछोला कस्बे में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड काछोला की ओर से स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बैठक एवं कार्यक्रम का आयोजन बगीची के बालाजी मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं सहित गांव के वरिष्ठजन मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव पालीवाल एवं जिला उपाध्यक्ष उमराव सिंह सोलंकी ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना एवं उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर वर्ष 1964 में मुंबई स्थित संदीपनी आश्रम में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की गई थी। संगठन का उद्देश्य साधु-संतों एवं हिंदू समाज को एक मंच पर लाकर समाज में एकता, समरसता और संगठन की भावना को मजबूत करना रहा है।

वक्ताओं ने संगठन के संदेश 'हिन्दवः सोदरा सर्वे, न हिन्दू पतितो भवेत' का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी हिंदू आपस में भाई हैं और समाज में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने हिंदू समाज की एकता, समानता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों एवं समाज हित में किए जाने वाले कार्यों को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में गांव से पहुंचे वरिष्ठजन, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर राजेंद्र आचार्य, लादूलाल धाकड़, कन्हैयालाल धाकड़, दुर्गाशंकर आचार्य, दिनेश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।